# वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

## Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)

Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)

Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in email: helputuums@uktech.ac.in

# द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन स्पॉट काउंसिलिंग (Spot Counselling) वर्ष 2025–26 की सूचना

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के कैम्पस संस्थानों एवं समस्त संबद्ध राजकीय नियंत्रणाधीन/निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी जी0बी0पी0यू0ए0टी0 पन्तनगर में शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु **B.TECH.** एवम् **B.PHARM.** पाठ्यक्रमों में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु 3 चरणों में ऑनलाईन काउंसिलिंग आयोजित की गयी। 3 चरणों की सामान्य काउंसिलिंग (Regular Counselling) के उपरान्त भी कतिपय संस्थानों में सीटें उपलब्ध होने के कारण ऑनलाईन **स्पॉट** काउंसिलिंग (Spot Counselling) आयोजित की जा रही है जिसका विस्तृत कार्यक्रम निम्नवत हैः–

| Period of Online registration / Counselling Fee & Choice Filling | Seat Allotment Date | Period of Reporting in Allotted institutions by the candidate's |
|---|---|---|
| **05-08-25 TO 07-08-25** | **11-08-25** | **11-08-25 TO 13-08-25** |

## स्पॉट काउंसिलिंग शुल्क एवं स्पाट काउंसिलिंग प्रक्रियाः–

- स्पॉट काउंसिलिंग शुल्क **रू** 2000/– (Non-Refundable) काउंसिलिंग पंजीकरण के साथ वेबपोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा। **जिन अभ्यर्थियों को सामान्य काउंसिलिंग के तृतीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है वे स्पॉट काउंसिलिंग (दिनांक 05 से 07 अगस्त 2025 ) में निःशुल्क काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।**
- **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आयोजित सामान्य काउंसिलिंग के माध्यम से किसी संस्थान में प्रवेश लिया हो, वे भी स्पॉट काउंसिलिंग में स्पॉट काउंसिलिंग शुल्क रू 2000/– (Non-Refundable) जमा करते हुए इस शर्त के साथ सम्मिलित हो सकते हैं कि यदि उन्हें स्पॉट काउंसिलिंग के माध्यम से नयी सीट आवंटित होती है तो उनकी पूर्व प्रवेशित सीट निरस्त कर दी जायेगी।** स्पॉट काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा काउंसिलिंग पोर्टल पर उपरोक्त सहमति की ऑनलाईन *Undertaking* देनी होगी। **साथ ही ऐसे अभ्यर्थियों को नव–प्रवेशित संस्थान में पूर्ण शुल्क जमा करते हुए पूर्व प्रवेशित संस्थान से शुल्क रिफंड करने हेतु स्वयं आवेदन करना होगा एवं इस हेतु विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।**
- स्पॉट काउंसिलिंग में सीट आवंटन के उपरान्त अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थान में वांछित अभिलेखों एवं शुल्क के साथ निर्धारित अवधि के भीतर ही प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। निर्धारित अवधि में किसी भी कारण से प्रवेश न लेने पर ऐसी सीटों को रिक्त मानते हुए अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
- सीट मैट्रिक्स दिनांक 05 **अगस्त** 2025 को प्रातः 10.00 बजे तक विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://uktech.ac.in पर उपलब्ध होगी।
- स्पॉट काउंसिलिंग में पंजीकरण हेतु लिंक निम्नवत हैः– https://uktech.ac.in/en/page/counselling-2025-26

## प्रवेश (काउंसिलिंग) हेतु सीट आवंटन प्रक्रिया :–

**द्वितीय वर्ष (B.TECH. & B.Pharm Lateral Entry) में प्रवेश हेतुः–**

(i) निर्धारित योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) की मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) के प्राप्तांकों के अनुपात के आधार पर मेरिट बनाकर काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।

(ii) यदि योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) का परिणाम नही आया है, तो उनकी मेरिट के लिये प्राप्तांको के अनुपात की गणनाउनके पिछले वर्षो के प्राप्तांको के अनुपात (प्रथम वर्ष के 50 प्रतिशत एवं द्वितीय वर्ष के 50 प्रतिशत (**कोई बैक/कैरी पेपर न हो**)) के अनुसार की जाएगी।

(iii) बिन्दु (ii) के अभ्यर्थी को प्रवेश के समय संस्थान में इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि **''अभ्यर्थी डिप्लोमा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2025 अथवा नियामक संस्थानों द्वारा प्रवेश हेतु जारी अंतिम तिथि से पूर्व संस्था में जमा करेगा अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाय जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी''।**

- **नोटः– बी0टैक0 द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु सर्वप्रथम वरीयता डिप्लोमा धारी अभ्यर्थियों को दी जायेगी तद्उपरान्त शेष सीटों को B.Sc. अर्हता धारी अभ्यर्थियों से भरा जायेगा।**

## प्रवेश हेतु योग्यता परीक्षा (Qualifying Exam) तथा अर्हता (eligibility) :–

| SN | COURSE | DURATION | QUALIFYING EXAM / ELIGIBILITY |
|---|---|---|---|
| 1 | B.TECH.-LATERAL ENTRY | 3 Years | Passed Minimum THREE years / TWO years (Lateral Entry) Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in ANY branch of Engineering and Technology. OR<br>Passed B.Sc. Degree from a recognized University as defined by UGC, with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) and passed 10+2 examination with Mathematics as a subject. |
| 2 | BPHARM-LATERAL ENTRY | 3 Years | Passed Diploma examination in a Program from an PCI approved Institution, with at least 45% marks (40% in case of candidates belonging to reserved category) in appropriate Program. |

- आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in पर उपलब्ध रहेगी। अतः अभ्यर्थी काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व समस्त प्रक्रिया का अध्ययन कर लें।
- आनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in में Login-ID/Password बनाकर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण करेंगे। पूर्व में सामान्य काउंसिलिंग में जिन अभ्यर्थियों द्वारा काउंसिलिंग में प्रतिभाग किया गया है उन्हें पुनः Login-ID/Password बनाने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे अभ्यर्थी पूर्व में आवंटित Login-ID/Password से ही स्पॉट काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे।
- **लेटरल एंट्री के लिए पूर्व में आयोजित तृतीय सामान्य काउंसिलिंग के उपरान्त उपलब्ध रिक्त सीटों को उत्तराखण्ड राज्य के अलावा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी की सीट हेतु पात्र माना जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी द्वारा इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा में उत्तराखण्ड तकनीकी शिक्षा बोर्ड के समकक्ष डिप्लोमा (ए0आई0सी0टी0ई0 मानदण्डों के अनुसार) उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु पी0सी0आई0 द्वारा निर्धारित मानक मान्य होंगे।**
- अभ्यर्थी वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं पासवर्ड बनाते समय अपना सम्पूर्ण विवरण ध्यान पूर्वक चेक कर एवं आवश्यक संशोधन रजिस्ट्रेशन के समय ही कर लें। रजिस्ट्रेशन में अभ्यर्थी जो सूचना भरेगा, अभ्यर्थी के पास प्रवेश के समय सम्बन्धित प्रमाण पत्र होने अनिवार्य होंगे अन्यथा उसका आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।
- सीट अलॉटमेन्ट सामान्यतः रिजल्ट दिवस को शाम 03:00 बजे तक होता है। अतः वेबसाइट पर रिजल्ट घोषित होने की प्रतीक्षा करें। रिजल्ट घोषित होने के उपरान्त अभ्यर्थी संस्थान, ब्रॉच आवंटन की जानकारी के लिए अपना Allotment Letter प्रिंट कर सकता है।
- अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में निर्धारित अंतिम तिथि तक समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों सहित समस्त प्रमाण पत्रों की एक सत्यापित छायाप्रति, 2 फोटो के साथ उपस्थित होंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु आवंटित संस्थान द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन भी किया जायेगा।
- अभ्यर्थी को राज्य कोटे की आरक्षित सीटों में प्रवेश के लिये स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश के लिये न्यूनतम अर्हता उत्तराखण्ड से उत्तीर्ण होने की दशा में अभ्यर्थी राज्य कोटे की सामान्य श्रेणी की सीट के लिये ही पात्र होंगे। महिला अभ्यर्थियों को भी महिला सीट में प्रवेश के लिये स्थाई निवास की अनिवार्यता होगी।

- Armed Force (AF) की सीट Ex Service Man के आश्रितों के लिये है। इसके लिये प्रमाण पत्र सैनिक पुर्नवास कल्याण बोर्ड द्वारा जारी **एवं SDM द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित** मान्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा आरक्षण से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्र उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश के समय ऑनलाइन में भरी गई सूचना के अनुसार शैक्षणिक अर्हता संबंधित प्रमाण पत्र एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं तो अभ्यर्थी का आवंटन स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा और अगले चरण की काउंसिलिंग में उक्त सीट को रिक्ति के रूप में प्रदर्शित कर दिया जायेगा।
- प्रवेश में इच्छुक अभ्यर्थी आनलाईन काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गॉवं में कहीं से भी काउंसिलिंग में सम्मिलित हो सकते है।
- छात्र आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समय–समय पर जारी आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए निरन्तर वेबसाईट http://uktech.ac.in पर सम्पर्क करते रहें।
- काउंसिलिंग से एवं प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए निम्नवत् हैल्पलाइन नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं:–

| | |
|---|---|
| Regarding Website/Technical Error | 7518980077,9151988051, 7897999210, 9045133390 |
| Regarding Qualification/ Eligibility & Counselling Process | 9012777050, 8218570363, 9045633821 |
| Regarding Financial/Fee Error | 9410100122 |

- काउंसिलिंग/प्रवेश तिथियों में प्रातः 10 बजे से 5 तक सम्पर्क कर सकते हैं अथवा काउंसिलिंग सम्बन्धी ईमेल **helputuums@uktech.ac.in** पर किसी भी समय सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश हेतु इच्छुक संस्थान/ब्रॉच के विकल्प (Choices) भर सकते है एवं भरे गये विकल्पो का प्रिंट आउट प्राप्त कर लें। विकल्प भरते समय अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लेवे ंकि विकल्पो का चयन करते समय किसी के दबाव में विकल्पों को न भरें, विकल्पों के विषय में समस्त जानकारी प्राप्त होने पर ही विकल्प भरें। साथ ही Login-ID/Password को किसी के साथ साझा (Share) न करें। यदि आपके द्वारा Login-ID/Password को किसी के साथ साझा करने पर अभ्यर्थी के विकल्पों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
- जिन अभ्यर्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पूर्व में Provisional Registration किया गया है उन्हें पुनः Registration की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
- **प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी स्पॉट काउंसिलिंग के प्रत्येक चरण में आवेदन से पूर्व सीट मैट्रिक्स में रिक्त सीटों की स्थिति विश्वविद्यालय वेबसाईट पर देखे।**
- रविवार एवं अवकाश के दिवसों में भी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान रहेगी।

**वि0सं0 1300/UTU/Spot 1-Counseling-2025 /काउं0सू0/2025–26 दिनांक 02.08 .2025** **कुलसचिव**